हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 24 नवंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 निष्ठा के साथ अभियान को बनाएं सफल मतदाताओं...



08 जागरुकता प्रयासों से कुरीतियों की बेड़ियां...



## खबर संक्षेप

### सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4285 रुपए

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 22 नवंबर को 4285 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए 21 नवंबर को 4271 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी।

### भूमिहीन परिवारों को मिलेगा आवासीय भूमि का पट्टा

**सीहोर।** राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए 20 नवंबर से अभियान शुरू किया है। आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बताया कि यह अभियान 13 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत बीएलसी और एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने वर्ष 1984 के मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधिकार) अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित किया है।

### पुराने इंदौर-भोपाल हाईवे पर दिल दहला देने वाला हादसा

# 'हिट एंड रन', एक की मौत, दूसरे युवक को कार ने एक किलोमीटर तक घसीटा

हादसे में कृष्णा वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक ने दूसरे युवक शुभम वर्मा को टक्कर के बाद करीब एक किलोमीटर तक घसीटा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर से निकले इंदौर-भोपाल हाईवे पर शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे एक दिल दहला देने वाला 'हिट एंड रन' का मामला सामने आया है। एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में एक युवक कृष्णा वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक ने दूसरे युवक शुभम वर्मा को टक्कर के बाद करीब एक किलोमीटर तक घसीटा, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार कृष्णा वर्मा और शुभम वर्मा रात करीब 9.30 बजे सीहोर से अपने गांव गुड़भेला जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कृष्णा वर्मा डिवाइडर से टकरा गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का सबसे भयानक पहलू यह रहा कि टक्कर मारने के बाद कार रुकी नहीं और शुभम वर्मा कार के निचले हिस्से में फंसकर सडक़ पर घिसटते चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक ने करीब एक किलोमीटर तक युवक को घसीटा। शुभम वर्मा छाती के बल सडक़ पर घिसटते रहे, जिसकी वजह से उनकी छाती पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्हें गंभीर हालत में तुरंत भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### कार नंबर प्लेट से मिला सुराग

टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने कार को रोकने के लिए उसका पीछा भी किया, लेकिन कार चालक भाग निकला। इस दौरान एक अहम सुराग हाथ लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भागते समय कार की नंबर प्लेट वहीं गिर गई थी। प्राप्त नंबर प्लेट का नंबर एमपी 04 डी 0363 है, जो आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस की मदद करेगी।

### मर्ग कायम किया है

मंडी थाना टीआई सुनील मैहर ने बताया कि हादसे के बाद रात को एक युवक कृष्णा वर्मा की मौत हो गई थी, जिसका पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। जल्दी ही मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा की कार्यशाला आयोजित

## मतदाता सूची त्रुटिरहित विश्वसनीय बनाना एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्यः तेज बहादुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एसआईआर यानी संपर्क, विस्तार और समीक्षा कार्यशाला का आयोजन हुआ। शनिवार को शहर के बस स्टैंड स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में में भाजपा संगठन प्रभारी एवं नागदा विधानसभा से विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह शामिल हुए। इस दौरान तेज बहादुर सिंह ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह से त्रुटिरहित विश्वसनीय बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के अलावा समस्त पार्षद शामिल थे। भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहाकि एसआईआर को लेकर सभी भाजपा पार्षद को बीएलओ-वन बनाया गया है, जो कार्यक्रम को लेकर आमजन को जागरूक करने के साथ ही उसके बारे में समझाएंगे और अपने वार्ड में सभी के घर-घर जाकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया यह अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बनाने में सहभागिता निभाएगा। इस दौरान एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। भाजपा का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। पार्टी के विस्तार में उसकी भूमिका अहम है। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्यशाला का उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत सीनियर बालिका छात्रावास में छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार थानांतर्गत विद्यालयों व छात्रावासों में बाल सुरक्षा एवं अपराध रोकथाम के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को स्थानीय शासकीय सीनियर बालिका छात्रावास में छात्राओं को बाल सुरक्षा, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, गुड टच बैड टच, पॉक्सो एक्ट और बाल तस्करी संबंधी जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को सहायक उपनिरीक्षक आशा लकवाल व प्रधान आरक्षक ललित सारस्वत ने 1098, 112, 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग, पॉक्सो कानून, अनुचित स्पर्श की पहचान,



डिजिटल सुरक्षा और बाल अपराध रोकथाम की जानकारी दी। इस दौरान छात्रावास अधीक्षिका पुनम सारस्वत व राधा राठौड़ उपस्थित थीं।

### समस्या निवारण शिविर का आयोजन आज

**सीहोर।** एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय के द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मदनमहल शाखा के सहयोग से कंपनी के पेंशनर व परिवार पेंशनर के लिए जीवन प्रमाण पत्र व पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन 24 नवंबर को किया गया है। शिविर पावर मैनेजमेंट कंपनी के लेखाधिकारी वेतन व पेंशन के कार्यालय में आयोजित किया गया है।

## बुद्ध धम्म संदेश रैली सीहोर से राजगढ़ रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बुद्ध की विश्वशांति, करूणा, मैत्री व सदाचार से ओतप्रोत संदेश रैली में सेवानिवृत्त ज्वाइंट कमिश्नर इन्कम टेक्स केशव सोमकुंवर, डॉक्टर राहुल वाहने ,डोमाजी सोमकुंवर और आचार्य देवानंद वानखेड़े एक नया कीर्तिमान अर्जित कर रहे हैं । एक चार पहिया वाहन को धम्मरथ का आकार देकर भारत के लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु अंतर राज्यीय भ्रमण कर सीधे समाज व युवावर्ग से संवाद कर रहे हैं। भारत के संविधान की जानकारी दे रहे हैं।

समाज में सद्भावना, भाईचारा , मानवतावादी सिद्धांत स्थापित करने के लिए एक सूक्ष्म प्रयास कर रहे हैं। यदि प्रत्येक नागरिकों में ऐसी सोच पैदा होगी तो वास्तव में इस धरती पर अमन-चैन की स्थापना पल्लवित हो सकती है। समिति की इस महती भावना की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। उक्त रैली को मीडिया संघ सीहोर के संरक्षक के.जी.बैरागी , सरदार पटेल स्कूल झरखेड़ा जिला सीहोर के डायरेक्टर रविन्द्र बांगरे महेश कुमार और समिति के संयोजक केशव सोमकुवर सेवानिवृत संयुक्त आयुक्त आयकर विभाग वाले शिक्षाविद् रवीन्द्र बांगरे बोधाचार्य देवानंद वानखेडे नरेन्द्र खंगराले ने सीहोर से राजगढ़ के लिए रवाना किया, जो अन्य जिलों से होते हुए आगरा की ओर प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कमलेश दोहरे, सीताराम भारती, सुनील फरेला, नरेन्द्र, आरती नरेन्द्र खंगराले, प्रेमलता शैल, देवेन्द्र अहिरवार, नीरज जाटव, महेश कुमार लाडसिंहबोध, मधुसुदन अग्रवाल, धन्नालाल परचोले, सुरेश महोबिया, दयाराम गवाटिया, एनपी नागेश, जनम सिंह परमार, रामचरण दसलानिया, घनश्याम जाटव, प्रिंस जांगड़ा, घनश्याम बकोरिया, कृष्णा सूर्यवंशी, हेमंत डोहरे, दीपक सोनकर सहित सदस्य उपस्थित थे।

### जिला चिकित्सालय को भेंट किया स्वचालित एल फ्री पलंग

## हमारा अपना अस्पताल सभी को देना चाहिए योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पिछले दिनों जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा और नीरज शर्मा के पिता का लंबी और गंभीर बीमारी के बाद निधन हो गया था। जिसके बाद उनकी माताजी की प्रेरणा से पंकज शर्मा और नीरज शर्मा ने शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचकर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आरके वर्मा से मुलाकात कर उनको यहां के आईसीयू वार्ड के मरीजों के लिए एक नया अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त पूर्ण स्वचालित एल फ्री पलंग दान किया। साथ ही यहां भर्ती बुजुर्ग मरीजों के लिए डायपर्स के पैकेट भी भेंट किए। जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि उनके पिता का काफी लंबे समय तक सरकारी अस्पताल में डायलिसिस हुआ, जिससे उनके मन में इस अस्पताल के लिए करने की कुछ भावना थी, क्योंकि ये हमारा अपना अस्पताल है और हम सब यहां मुफ्त में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेते हैं, इसलिए हमारा ये नैतिक दायित्व है कि हम इसके लिए अपना कुछ योगदान देते रहें। इसी भावना के साथ उन्होंने जिला चिकित्सालय को अपनी ओर से ये छोटी सी भेंट प्रदान की।

पंकज शर्मा ने कहा कि वैसे तो सरकार हर वर्ष जनता की सुविधा और अच्छे इलाज के लिए इस अस्पताल के लिए करोड़ों रुपए का बजट जारी करती है, लेकिन फिर भी आम जनता की ये नैतिक जिम्मेदारी है कि वो भी अपनी ओर से यहां कुछ ना कुछ भेंट करते रहें, उन्होंने सभी सीहोर जिलेवासियों से अपनी सुविधानुसार यहां कुछ ना कुछ भेंट करते रहने का आग्रह भी किया है। अंत में पंकज शर्मा ने उनकी इस छोटी सी भेंट को स्वीकार करने के लिए प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आरके वर्मा को आभार और धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सतीश दरोठिया, जनपद सदस्य प्रतिनिधि जय सिंह भारती सहित अस्पताल का स्टाफ और नागरिकगण उपस्थित रहे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महर्षि स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### अयोध्या राम मंदिर की पूर्णता पर सुंदरकांड आज

**देवास।** सदियों से संजोया गया सनातन समाज का स्वप्न साकार हुआ। अयोध्या में श्री राम मंदिर के भव्य स्वरूप की पूर्णता एवं कलश स्थापना मंगलवार को होने जा रही है जिसकी पूर्व संध्या पर श्रद्धा और उत्साह का विशेष आयोजन देवास में किया जा रहा है। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के सिविल लाइन स्थित सांसद कार्यालय पर आज शाम 6 बजे से भव्य संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन रखा गया है, जिसमें नगर के सभी सनातनी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजन की विशेषता यह है कि श्री राम मंदिर की पूर्णता को समर्पित यह कार्यक्रम भक्तिमय संगीत, राम भक्ति और धार्मिक वातावरण से ओतप्रोत रहेगा। श्रद्धालुजन सुंदरकांड पाठ के माध्यम से प्रभु श्रीराम के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे। नगर के समस्त श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक क्षण का भागीदार बनने की अपील की है।

### तलवार लेकर घूम रहा आरोपी गिरफ्तार

**देवास।** रविवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम सुराखेडा रोड के पास ग्राम पटाडिया ताज में एक धारदार लोहे की तलवार लेकर घुम रहा है एवं आम रास्ते से आने जाने वालो लोगो को तलवार से डरा धमका रहा है । पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के बाद थाना प्रभारी पीपलरावां सुबोध गौतम एवं चौकी प्रभारी चौबरधीरा अरुण पिपल्दे के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी से एक लोहे की धारदार तलवार गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया।

### भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने एसआईआर कार्य की समीक्षा कर किया संबोधित

# निष्ठा के साथ अभियान को बनाएं सफल मतदाताओं को जागरूक करें: हितानंद

### जिले में अब तक 59 प्रतिशत एसआईआर कार्य हुआ, शीघ्र पूर्ण करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविवार को देवास भाजपा कार्यकाल पहुंचे। संगठन महामंत्री ने भाजपा कार्यालय में एसआईआर को लेकर बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान मतदाता सूची को स्वच्छ, शुद्ध एवं विश्वसनीय बनाने का माध्यम है। कोई भी वास्तविक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। भाजपा कार्यकर्ता इस संबंध में बूथ स्तर पर पहुंचकर जन-जन को जागरूक करें। बैठक के दौरान समीक्षा की गई, जिसमें अभी तक देवास जिला 59% पर है। एसआईआर कार्य को शीघ्रता से करने हेतु कहा गया।

#### लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए एसआईआर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ इस अभियान को सफल बनाने में जुट.जाएं। भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे एसआईआर की इस प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और संकल्प के साथ सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता से मतदाता सूची का शुद्धिकरण अभियान निश्चित रूप से सफल होगा और लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा और इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ कार्य करना है।

#### अभियान सफल बनाने करे मदद

बैठक में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एसआईआर अभियान में सक्रिय सहभागिता करें और मतदाताओं की पूरी मदद करें। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के बूथ स्तर तक पहुंचकर यह सुनिश्चित करे कि पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सही तरीके से जुड़ें। 18 वर्ष आयु पूरी कर चुके युवाओं तथा विवाह के बाद परिवार में शामिल नए सदस्यों के नाम सूची में जुड़ जाएं। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान किसी भी वास्तविक व पात्र मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। बाहरी मतदाताओं को लेकर सतर्क रहें और यदि ऐसे मतदाता पाए जाते हैं, जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं, तो इस पर आपत्ति दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि यह मतदाता सूची के शुद्धिकरण का अभियान है । बैठक संचालन जिला महामंत्री मनीष सोलंकी ने किया तथा आभार राजेश यादव ने माना। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक राजेश सोनकर, मुरली भंवरा, पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, राजीव खंडेलवाल, महापौर गीता दुग्रेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटरिया, महामंत्री मनीष सोलंकी, राजेश यादव सहित जनप्रतिनिधि, विधानसभा के संयोजक एवं बीएलओ तथा अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।



## जिले में एसआईआर के तहत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य जारी

### अब तक 59.15 प्रतिशत पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। जिले में अबतक 59.15 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में एसडीएम और तहसीलदारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे है।

उल्लेखनीय है कि जिले में एसआईआर कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर बीएलओ कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, जोनल अधिकारी नियुक्त किये गये है। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए है।विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी निरंतर संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे है। जिला स्तर पर तथा सभी विधानसभा स्तर पर सहायता केंद्र एवं कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मतदाताओं को फार्म भरने में असुविधा ना हो इस के लिए बीएलओ एवं सहयोगी कर्मचारी विधानसभा स्तर पर सहायता हेतु उपलब्ध रहेंगे।

राजनैतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल की ओर से बूथ लेवल एजेण्ट भी नियुक्त किये जाने की कार्यवाही राजनैतिक दलों की ओर से की जा रही है।

## धक्का प्लेट बागली की स्वास्थ्य सुविधाएं, एंबुलेंस व्यवस्था बदहाल, मरीज ने दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बागली मुख्यालय पर संचालित एकमात्र शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आज भी बदहाल स्थिति में नजर आ रहा है। यहां की स्वास्थ्य सुविधाएं धक्का प्लेट नजर आ रही है जिसका अंदाजा आप इमरजेंसी एंबुलेंस व्यवस्था को देखकर लगा सकते हैं। लंबे समय से शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली पर इमरजेंसी एंबुलेंस व्यवस्था बदहाल है। यहां पर एंबुलेंस के नाम पर लाखों रुपए कागज़ पर खर्च होते हैं लेकिन उसका लाभ आम जनता को नहीं मिल पाता है।

पूर्व में भी एंबुलेंस व्यवस्था को लेकर कई प्रकार की शिकायत हुई है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा व्यवस्था को दुरुस्त करने के नाम पर कई योजनाएं बनाई गई, लेकिन आज तक वह साकार नहीं हो पाई। आज भी इमरजेंसी स्थिति में पेशेंट को निजी वाहन से देवास इंदौर ले जाना पड़ता है। कुछ वर्ष पूर्व में एक एम्बुलेंस शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली को बैंक प्रेस नोट द्वारा भेंट की गई थी जिसका मेंटेनेंस स्वास्थ्य विभाग नहीं कर पा रहा है। अनदेखी के कारण एंबुलेंस धक्का प्लेट हो चुकी है। इमरजेंसी स्थिति बनती है तो एंबुलेंस स्टार्ट तक नहीं होती है उसमें धक्का लगाना पड़ता है। जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें लोग एंबुलेंस को अस्पताल परिसर में ही धक्का लगाकर स्टार्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे स्पष्ट नजर आ रहा है कि यहां कि स्वास्थ्य सुविधाएं अब धक्का प्लेट हो चुकी है।





आदिवासी बाहुल्य होने के कारण बड़ी संख्या में यहां पर मध्यम, गरीब वर्ग के लोग उपचार के लिए आते हैं। इमरजेंसी स्थिति में एंबुलेंस की आवश्यकता होती है, लेकिन शासकीय अस्पताल की बदहाल व्यवस्था के कारण निजी खर्चे पर ही उन्हें अपने मरीज को इंदौर देवास ले जाना पड़ता है। जानकारी अनुसार शनिवार को चंदुपुरा निवासी विष्णु पिता मोती मीणा ने जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसका प्राथमिक उपचार कर देवास रैफर किया गया। उस दौरान मरीज को ले जाने के दौरान एम्बुलेंस स्टार्ट नहीं हुई। हालांकि उक्त मरीज को अन्य वाहन से देवास भेजा गया था लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड दिया।

#### तकनीकी खराबी

आवश्यकता पड़ने पर पेशेंट को एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाती है। तकनीकी खराब होने के कारण समय पर एंबुलेंस स्टार्ट नहीं हो पाई थी, लेकिन अन्य वाहन से उपचार के लिए भेज दिया गया था।

**डॉ.हेमंत पटेल,** ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी बागली

## शहर कांग्रेस का अध्यक्ष स्वागत कर सेवफल से तौला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम शांति नगर झुग्गी बस्ती के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह तोमर के द्वारा गौतम को सेव फल से तोला गया एवं पुष्प माला पहनकर कर भव्य स्वागत किया गया।

साथ ही इस अवसर पर पधारे वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी, गुरुचरण सलूजा, राजेश राठौर, रोशन रायकवार, शाहजी हाशमी का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। अपने स्वागत के उत्तर में गौतम सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि झुग्गी बस्ती की हर समस्या के लिए हम कांग्रेस जन हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष खलील अहमद शेख ने बताया कि इस अवसर पर शांति नगर झुग्गी झोपड़ी अध्यक्ष आशा भाई मालवीय, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि अंतर सिंह सोलंकी, मुकेश शर्मा, श्रीराम साहनी, बबलू दांगी, नारायण सिंह, मांगीलाल मालवीय, आनंदीलाल, विक्रम पहलवान, गुलाब सिंह दरबार, हीरालाल राठौर, मोहन सोनी, विशाल राठौर, सोनू सिंह, इंद्रसेन चौहान, अजय, गोविंद, सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में झुग्गीवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोहन लाल शर्मा ने किया।



## कमलापुर थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से किया जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

समीप ग्राम पोलाय में कमलापुर थाना प्रभारी एसएस मीणा ने रविवार शाम को स्थानीय ग्रामीणों के बीच जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन मध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया। कार्यक्रम में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। जहां थाना प्रभारी मीणा ने सीधे संवाद स्थापित करते हुए क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, कानुन व्यवस्था से जुड़े हुए मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों से रूबरू होते हुए मीणा ने साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति, यातायात नियमों तथा अपराधिक घटनाओं से सतर्क रहने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदग्धित गतिविधियों, विवाद या आपात स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस को दे। पुलिस का उद्देश्य थाना क्षेत्र में सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण बनाना है जिसके लिए ग्रामीणों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच संवाद जितना मजबूत रहेगा अपराध नियंत्रण उतना ही प्रभावी होगा। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और आश्वस्त किया की पुलिस उनकी हर संभव मदद के लिए तत्पर है। वहीं शिक्षक बलवान सिंह सेंधव, ग्रामीण रमेश जाट, गंगाराम जाट, मुकेश जाट, मुकेश गरिया, रामेश्वर यादव आदि ने ऐसे जनसंवाद की सराहना करते हुए कहा की इससे पुलिस पर विश्वास बढ़ता है और समस्याओं का समाधान भी आसानी से होता है। वहीं थाना स्टाफ से प्रधान आरक्षक योगेश यादव, प्रधान आरक्षक भगवती प्रसाद आदि मौजूद रहे।



### एनसीसी स्थापना दिवस पर एनसीसी इकाईयों ने की जनसेवा, किया लोगों को जागरूक

# सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, स्व. तुकोजीराव पवार विज्ञान महाविद्यालय देवास, नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1, नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 2 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, देवास की एनसीसी यूनिट्स द्वारा एनसीसी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में समाजसेवा पर आधारित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, 10 एमपी बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल ज्ञानप्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया।

प्राचार्य डॉ. राणा ने अपने उद्बोधन में कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व है अगर आप अनुशासित है तो जीवन आपका सफल होगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में कैडेट्स ने विशेष शिक्षा विद्यालय पहुँच कर दिव्यांग बच्चों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अल्पाहार वितरित किया । इस कार्यक्रम ने समावेशी शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। विद्यालय के वार्डन सुरेंद्र खींची का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इसी क्रम में कैडेट्स ने स्थानीय वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित किया।

कैडेट्स ने फल वितरित कर सम्मान एवं संवेदना प्रकट की। इस गतिविधि का उद्देश्य युवाओं में बुजुर्गों के प्रति आदर और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना था। कैडेट्स ने वृद्धा आश्रम परिसर में सफाई अभियान चलाते हुए श्रमदान किया। उन्होंने कचरा संग्रहण, सफाई एवं स्वच्छता जागरूकता के माध्यम से "स्वच्छ परिसर स्वच्छ भारत" का संदेश दिया। वृद्धाश्रम के प्रबंधक दिनेश चौधरी ने विशेष सहयोग प्रदान किया तथा उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि अपने माता-पिता का हमेशा सम्मान करना चाहिए और उनकी सेवा करना चाहिए। एनसीसी स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के आयोजन में कैप्टन संजय सिंह बरौनिया, कैप्टन संजय गाडगे,सेकंड ऑफिसर राधेश्याम सोलंकी, सेकंड ऑफिसर रामकुमार कुशवाह, सीनियर अंडर ऑफिसर युवराज यादव, विशाल राजपूत, भारत मीणा का विशेष सहयोग रहा।

## खेतों पर पहुंच कर एसआईआर का कार्य कर रहे बीएलओ



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

वर्तमान में एसआरआई के काम में तेजी आई हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशन के बाद से ही संबंधित सभी अधिकारी, कर्मचारी एसआईआर फार्म भरने में लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेती के काम के चलते घरों पर नहीं मिल पा रहे है। समय सीमा में काम पुरा करने के लिए बीएलओ एक-एक व्यक्ति को ढूंढ कर फार्म भर रहे हैं। बीएलओ जहवार पाटीदार ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण गणना प्रपत्र पर घर - घर जाकर सर्वे कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत भीलआमला का 75% कार्य पूर्ण हो चुका है।शेष बचे मतदाताओ से भी संपर्क कर काम पुर्ण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता को ढूंढते हुए खेतों पर जाकर फार्म भरे जा रहे हैं। मतदाता की उपस्थिति में उनके द्वारा दी जा रही जानकारियों के अनुसार फार्म भरे जा रहे हैं। छुट्टी के दिनों में भी एसआईआर फार्म भरने का काम किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बारात में हलवाई के साथ मारपीट

**ललितपुर।** तालाबपुरा डोंडाघाट निवासी सोनू चौरसिया पुत्र धर्मदास ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार की रात करीब 9.20 बजे उसके चचेरे भाई की बारात का कार्यक्रम चल रहा था। तभी बारात में लक्ष्मीपुरा निवासी शाकिब खान पुत्र मोनिस ने अपने अज्ञात साथियों के साथ आकर उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि वह हलवाई का काम करता है, इस पर शाकिब ने कहा कि वह हलवाई का काम करेगा तो उसे जान से मार देंगे। पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** पावर हाऊस के पास महरौनी निवासी ममता पत्नी स्व.जानकी प्रसाद ने पुलिस को बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 6 बजे वह अपने घर में थी। तभी पड़ोस की जयन्ती पत्नी ओमप्रकाश व ओमप्रकाश ने आकर उसे गालियां दीं और लाठी-डण्डों से मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### मंत्री सिंधिया 28 को करेंगे चंदेरी महोत्सव का शुभारंभ

**अशोकनगर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पड़ौसी जिला गुना के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं इस भ्रमण कार्यकम्र के दौरान 28 नबंवर को गुना के कोंकर ग्राम से दोपहर 3:15 बजे ईसागढ तहसील के ग्राम कोहरवास पहुंचेगें। जहां आमजनों से मिलेगें और 3:30 बजे कोहरवास से प्रस्थान करेगें और 4:30 बजे चन्देरी पहुंचेगें जहां चन्देरी महोत्सव का शुभारंभ कर वहां से वापिस गुना के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अवैध शराब के अनेक मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं जिले की ईसागढ़ थाने की पुलिस ने ग्राम खैराई निवासी संतोष आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने सोनू अहिरवार निवासी अजीत कॉलोनी मुंगावली के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### ट्रैक्टर ने मारी बाइक को टक्कर, प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी धन्नालाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिशुपाल यादव ने अपने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसकी बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक पर मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मढी तूमैन निवासी अनेश ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिन्टू परिहार, राहुल और अमन केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी केसर बाई मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुमित बाल्मीक ने घर खाली कराए जाने पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत माता मढ मोहल्ला अशोकनगर निवासी पूजा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी ससुराल खेजरा कला में है ससुराल पक्ष की ओर से हल्कैया, शीलाबाई, रामबाबू और रामनिवास अहिरवार ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति कर मारपीट की। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिन्कूपुर निवासी बलवंत बागडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गुल्लु बागड़ी ने उस पर चाकू से हमला कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

रास्ते में बच्चे महिला व पुरुष गुरबाणी कीर्तन करते हुए ढोल मझीरे बजाते चले

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस पर निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में गुरु तेग बहादुरजी के 350 वे शहीदी दिवस पर नगर में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा से आरंभ होकर आजाद चौक, सावरकर चौक, घंटाघर, सदर कांटा, कंपनी बाग, होते हुए तुवन चौराहे से स्व.सरदार अवतार सिंह के आवास सिविल लाइन पहुंची, जहां पर अखंड पाठ साहिब की आरंभता हुई रास्ते में बच्चे महिला व पुरुष गुरबाणी कीर्तन करते हुए ढोल मझीरे छेने चिमटे बजाते हुए धन गुरु तेग बहादुर साहिब। तेग बहादुर हिंद की चादर जैसे शब्दों का उच्चारण करते हुए चल रहे थे। 25 नवंबर मंगलवार को स्व.सरदार अवतार सिंह आवास पर अखंड पाठ साहिब का समापन होगा। उपरांत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह व ईश्वर सिंह व झांसी से पधार रहे। हरकीरत सिंह का रागी जत्था गुरबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेगा। उपरांत परिवार द्वारा गुरुजी के लंगर की सेवा होगी। रात्रि में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में 7 से 8.30 बजे तक रहीरास साहिबजी का पाठ उपरांत गुरबाणी कीर्तन अरदास तथा लंगर व दूध की सेवा होगी। अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, मंत्री मनजीत सिंह, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह, सतनाम सिंह भाटिया, जगजीत सिंह बॉबी, दलजीत सिंह, मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, कवलजीत सिंह, बिंदु कालरा, मानवेंद्र कौर, जसविंदर कौर, मनप्रीत कौर, चांदनी अरोड़ा, गुरप्रीत कौर, अरविंदर सिंह, गुरवीर सिंह, हरजीत सिंह, सुरजीत सिंह, स्वामी प्रसाद यादव, बलजीत सिंह, मुन्नालाल, ज्ञानी गुरचरण सिंह, मनिंदर सिंह रणवीर सिंह परमार आदि उपस्थित थे।

---

अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में भव्य पुष्पाश्रय गोशाला का लोकार्पण

# गोशाला का निर्माण समाज की जागरूकता और सामूहिक प्रयास का परिणामः एडीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रागैतिहासिक दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में निर्मित भव्य गोशाला का उद्घाटन एडीएम अंकुर श्रीवास्तव एवं सुमन जैन द्वारा ध्वजारोहण एवं पूजन के साथ हुआ। बताया गया है कि कार्यक्रम के शुभारंभ में गुरुकुलम के छात्रों आदित्य, आदर्श और अक्षत द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। क्षेत्र में पहलीबार आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गोशाला संयोजकों सुरेंद्र जैन सौजना, संदीप एड., रविन्द्र मैंगुवा द्वारा सभी अतिथियों का शॉल, माला एवं प्रतीक-चिह्न देकर सम्मान किया गया। संचालन पं.इंद्रकुमार जैन ने किया। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि गो सेवा भारतीय संस्कृति की प्रमुख धारा है। नवागढ़ क्षेत्र में इतनी सुसज्जित गोशाला का निर्माण समाज की जागरूकता और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करते हैं। अध्यक्षता कर रहे सुमन जैन ने बताया कि गोशाला समाज की आध्यात्मिक उन्नति का केंद्र है। क्षेत्र निर्देशक जयकुमार निशांत ने कहा कि गोशाला का यह निर्माण समाज के सहयोग और विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि इस सेवा कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सभी का जुडना आवश्यक है। इस दौरान सुरेंद्र जैन, संदीप जैन एड., महामंत्री वीरचंद्र जैन, मंत्री अशोक जैन व सुनील जैन ने भी संबोधित किया। इस दौरान इंद्रकुमार जैन, वीरचन्द जैन, कपूरचंद्र गौना, कपूरचंद्र डुंडा, अशोक मैनवार, डा.भरत गुढ़ा, धर्मेश गुडा, प्रदीप गुडा, बृजनंदन वैद्य, पुष्पेंद्र सिंह, रामनारायण गुर्जर, रामनाथ गुर्जर, यशपाल सिंह, भगवान सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, दामोदरदास दुबे, अशोक राजा आदि सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में वीरचंद जैन ने आभार जताया।

### अधिकांश गोशालाओं में ठंड के इंतजाम, व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली

ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जनपद की गोशालाओं एवं गौआश्रय स्थलों के सुचारु संचालन हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने 33 जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों को नामित कर जनपद की विभिन्न गोशाओं का निरीक्षण कराकर व्यवस्थाओं का आंकलन किया। नामित अधिकारियों की प्राप्त निरीक्षण आख्या के अनुसार अधिकांश गोशालाओं में समुचित प्रबंधन एवं आवश्यक सुविधाएं संतोषजनक पायी गईं, निरीक्षण के दौरान गोवंश हेतु शीतनिरोधक व्यवस्था, स्वच्छ चारा पानी की उपलब्धता, पर्याप्त भूसे का भण्डारण, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, रैनशेड, नियमित साफ-सफाई तथा देखभाल की व्यवस्थाएं दुरुस्त पायी गईं। कई स्थलों पर स्थानीय प्रशासन एवं ग्राम पंचायतों द्वारा अभी से सर्दी से बचाव हेतु अतिरिक्त प्रबंधन भी किये गए हैं, जिससे गोवंश को ठंड से बचाने के लिए उपर्युक्त वातावरण सुनिश्चित हो सके। वहीं कुछ गोशालाओं में साफ-सफाई संतोषजनक न पाये जाने एवं सर्दी से बचाव हेतु पर्याप्त इन्तजाम न होने पर सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी, सचिव व ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया कि वह गोशालाओं में समुचित व्यवस्थाओं को जल्द सुदृढ़ करें अन्यथा की स्थिति में सम्बंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने निरीक्षण करने वाले सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शीतलहर की स्थिति में सभी गोशालाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा स्थानीय प्रशासन व ग्राम पंचायत से समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गोशाओं का समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि गोवंश को किसी प्रकार की हानि न होने पाए। यह भी निर्देश दिये गए कि बीमार गौवंशों को अन्य गोवंशों से अलग रखकर उपचारित किया जाए और ठण्ड से बचाव हेतु पर्याप्त तीरपाल एवं अलाव की व्यवस्था की जाए। मड़ावरा ब्लॉक के वृहद गोवंश आश्रय स्थल डगडगी प्रकरण में जांच के दौरान पाया गया कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा रात्रि में गोशाला की बाउंड्री तोडक़र कुछ गोवंशों को भगा दिया गया, जिस पर सम्बंधित थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

---

बुंदेलखंड विकास सेना की बैठक

# गोशालाओं में अनियमिताओं व अव्यवस्थाओं पर रोष जताया



**ललितपुर।** बुंदेलखंड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कम्पनी बाग में बबुंदेलखंड विकास सेना के वरिष्ठ सदस्य फूलचंद रजक की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में ललितपुर की तमाम गौशालाओं में व्याप्त अनियमिताओं और अव्यवस्थाओं पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बुवि सेना के वरिष्ठ सदस्य फूलचंद रजक ने कहा कि विगत कई दिनों गोशालाओं के लिए आपूर्ति किये जाने वाले भूसे की खरीद में गड़बड़ी तथा गोशालाओं में तमाम अव्यवस्थाएं प्रदेश सरकार के लिए एक बदनुमा दाग है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार पूरे उ. प्र. में गौ सेवा के नाम पर बड़े बड़े दावे करती है परन्तु धरातल पर गोशालाओं के बदतर हालात चीख चीख कर हकीकत बयां कर रही है। बु.वि.सेना के वक्ताओं ने कहा कि ललितपुर की अधिकांश गोशालाओं में जानवरों का हालत बद से बदतर है। जानवरों को ठंड से बचाने के कोई उपाय नहीं किए गये। बीमार गोवंशों के इलाज के कोई विशेष प्रबंध नही किए गये। बु. वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य फूलचंद रजक ने कहा कि अभी हाल ही में ललितपुर की डगडगी गोशाला में तमाम अनियमिताओं को उजागर करने वाले पत्रकार देवेंद्र कौशिक पर उलटा मुकदमा दर्ज करने पर बु. वि. सेना कड़े शब्दों में भर्त्सना करती है।

उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि ललितपुर जिले की सभी गोशालाओं में उचित प्रबंध करते हुए भूसे नाम पर हो रही अनियमिताओं को तत्काल प्रभाव से रोका जाये। भूसे की आपूर्ति के समय वीडियोग्राफी कराते हुए मोनिटरिंग किया जाना आवश्यक है। साथ पत्रकार देवेंद्र कौशिक मामले की उच्चस्तरीय जांच करायी जाये। बैठक में बु. वि. सेना के कार्यकर्ताओं में अमर सिंह बुंदेला, कदीर खां, खुशाल बरार, संजू राजा, भैयन कुशवाहा, राजीव साहू, नन्दराम कुशवाहा, रामप्रकाश झा, लल्लू सिंह, रामसहाय राठौर, लालचंद रजक, सुरेश झा, सुजीत धानुक, प्रमोद कुमार, विनोद रैकवार, गफूर खां, सरमन, फुन्दी रैकवार, कामता प्रसाद भट्ट, आशाराम आदि रहे।

---

61 साल बाद लखनऊ में 24 से हो रहा है कार्यक्रम

# शिक्षक व विद्यार्थियों का 49 सदस्यीय स्काउट गाइड दल रवाना, राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राजधानी 29 नवंबर तक भारत स्काउट्स और गाइड्स का 19वां राष्ट्रीय जम्बूरी 61 साल बाद आयोजित हो रहा है। वृंदावन योजना स्थित रक्षा एक्सपो ग्राउंड में होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में 32,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे, जिनमें एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधि भी हैं।

यह युवा नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने इसे राज्य की संस्कृति और नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर बताया है। इसमें डिजिटल तकनीक, ड्रोन शो, आईटी/एआई हब और उच्च सुरक्षा मानकों का उपयोग किया जाएगा, जो इसे एक प्रेरणादायक और तकनीकी रूप से उन्नत आयोजन बनाएगा। डीआईओएस ओमप्रकाश सिंह, नेमवि प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री, सचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, रमेशकुमार तिवारी ने जिले से स्काउट एवं गाइड का 49सदस्यीय दल जम्बूरी में प्रतिभाग हेतु रवाना किया। जिला कमिश्नर स्काउट एवं प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि भारत स्काउट और गाइड की 75वीं वर्षगांठ पर 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी समारोह 24 से 29 नवंबर को लखनऊ में होरहा है। प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू समापन समारोह में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि जनपद के स्काउट गाइड दल में स्काउट शिक्षक 4 स्काउट छात्र- 22, गाइड शिक्षिका, 4 गाइड छात्रायें 19 कुल 49 सदस्यीय दल ने प्रस्थान किया। ललितपुर से व्यवस्थाओं सम्मिलित डा.राजीव निरंजन दो दिन पूर्व से भेजे गए हैं।

---

प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर हालातों से अवगत कराया

# पत्रकारों पर हमले की श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने की निंदा, उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग



**ललितपुर।** विगत कुछ दिनों में पत्रकारों पर हुये हमलों व मुकद्दमों पर गंभीरता से विचार किये जाने, पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराये जाने और हाल ही में घटी घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग को लेकर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन तुवन मंदिर प्रांगण में सौंपा गया। ज्ञापन में गिरार थानान्तर्गत डगडगी गोशाला प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने, देवेन्द्र कौशिक, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा व अरविन्द मिश्रा पर दर्ज मु.अ.सं. 80/25 बीएनएस की धारा 121 (1), 329 (2), 115 (2), 352, 308 (5) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1) द, ध व 3 (2) 5 क के तहत एवं गिरार क्षेत्र के निवासी देवीसिंह पुत्र पूरन सिंह द्वारा मु.अ.सं. 81/25 बीएनएस की धारा 191 (2), 329 (2), 324 (3), 351 (3) के तहत एफआईआर गिरार थाना पर जांच होने तक अग्रिम कार्यवाही को अस्थाई रूप से स्थगित रखे जाने की मांग उठायी गयी। ज्ञापन में पत्रकार संजीव नामदेव पर दूध डेयरी संचालक द्वारा की गयी कार्यवाही, महिला पत्रकार संजना सिंह पर दर्ज एफआईआर और पत्रकार संभव सिंघई पर हुये हमले की निन्दा करते हुये इन प्रकरणों की जांच कराये जाने की मांग उठायी गयी। ज्ञापन देते समय सुशील चौबे, भरत रावत, अजय प्रताप सिंह तोमर, शत्रुघन शुक्ल, संजना सिंह, शंकरलाल छिल्ला, दीपक राठौर, चन्दन सिंह, राममूर्ति तिवारी, दिनेश पाण्डेय, हरीओम चौरसिया, प्रदीप चौबे जरया, कपिल नायक, मानवेन्द्र, रामकुमार नायक आदि मौजूद रहे।

---

ग्राम बिरारी की वारदात

# खेत पर आग ताप रहे भाइयों पर जानलेवा हमला, एक घायल

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम बिरारी में रहने वाले देवेन्द्र कुमार पुत्र राजाराम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 20 नवम्बर को शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत पर आग जलाकर अपने भाई सुरेन्द्र के साथ ताप रहा था। तभी वहां पर गांव के कनई पुत्र मोहन, राजकुमार, दिनेश, संतराम पुत्रगण कनई, राजपाल पुत्र जशरथ, श्रीराम आदि एकराय होकर आये और उसे बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे धारदार सुरया, लोहे के सरिया से उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसके भाई के सिर में सरिया में गंभीर चोट आ गयी और वह भी घायल हो गया। आरोप है कि जब उसने बीच-बचाव किया तो उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में उसके भाई का मोबाइल फोन भी गिर गया। आरोप है कि उक्त लोग आपराधिक किस्म के हैं। घटना के दौरान उसने डायल 112 को भी फोन लगाकर सूचना दी, जिस पर उसकी शिकायत अभी तक दर्ज नहीं की गयी थी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

**सौजना पुलिस ने दुष्कर्मी युवक को पकड़ा-** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस ने ग्राम नैगुवां थाना बानपुर निवासी इन्द्रपाल पुत्र परमानन्द लोधी को हिरासत में लिया है।

---

कबीर सैनिक सेवार्थी समिति की बैठक में चर्चा की, काव्य रचनाएं प्रस्तुत की

# वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा स्थापना करने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कबीर सैनिक सेवार्थी समिति कंचनधाम के तत्वावधान में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वीरांगना झलकारी बाई की जयंती घंटाघर पर धूमधाम से मनाई गई। शुभारंभ झलकारी बाई के चित्र पर पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा माल्यार्पण कर तत्पश्चात दीपों को प्रज्ज्वलित कर दीपांजलि कार्यक्रम किया गया।

वक्ताओं ने वीरांगना के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके शौर्य जीवन पर काव्य रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में समाज बंधुओं, गणमान्य नागरिकों ने शहर में झलकारी बाई की प्रतिमा यथाशीघ्र स्थापित कराए जाने का समर्थन कर संपूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस प्रस्ताव पर समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पिछले




दिनों मंत्री मनोहर लाल को एक ज्ञापन दिया गया था, जिस पर उन्होंने प्रतिमा स्थापना का आश्वासन भी दिया। प्रतिमा स्थापना की मांग लगातार कई वर्षों से की जा रही है, लेकिन कोई भी ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज बंधुओं, पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने प्रतिमा स्थापना कराने का संकल्प लिया।

अंत में अध्यक्ष ने आभार जताया। इस दौरान संरक्षक डा.खेमचंद वर्मा, जसवंत साध, रामकृष्ण कुशवाहा एड., सुमनलता, चंद्रप्रभा, महंत लक्ष्मण प्रसाद मालवीय, अश्विनी कुमार, राधेश्याम ताम्रकार, पंकज अंगार, मनीष पटवारी, दशरथ साध, धनीराम भारती, ब्रजेश पहाड़ी, सुरेंद्र अहिरवार, राकेश नामदेव, अध्यक्ष मनीष कुमार, महामंत्री महेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, मंत्री मुकेश कुमार, अंकित साध, गौतम साध आदि उपस्थित रहे।

### आरोपियों के पास से 16 लाख नकदी सहित 26 लाख का माल जब्त

# 5 राज्यों के कई किसानों से करोड़ों ठगी करने वाले 14 आरोपी गिरफ्तार

## किसानों को विश्वास में लेकर देते थे झांसा, सभी आरोपी उत्तरप्रदेश से रखते हैं ताल्लुक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला पुलिस के हाथ बड़ी सफलता हाथ लगी है। भोले-भाले किसानों का विश्वास जीतकर उनके साथ करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय ठग गिरोह को पुलिस ने काफी प्रयासों के बाद पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 16 लाख रुपए नकद सहित कार, मोबाइल इत्यादि मिलाकर कुल 26 लाख रुपए का माल जब्त किया है। इस गैंग ने साल 2024 में मप्र के राजगढ़ समेत खंडवा, सीहोर, विदिशा, शाजापुर जिलों में कृषि से जुड़ी फर्जी कंपनी खोलकर किसानों को झांसे में लेकर लालच दिया और बाद में सभी रफू-चक्कर हो गए। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार शाम स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### यह गैंग ऐसे फंसाती थे किसानों को

इस गैंग के सदस्य गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क करते। बाकायदा उन्हें अपना फर्जी आधार कार्ड आदि दिखाते और सरकारी योजनाओं जैसा माहौल बनाकर भरोसा जीत लेते थे। किसानों को पौधे उपलब्ध करवाकर उनके यहां काम भी करते और बाद में किसानों से कुछ नकदी लेते और खेत में गोदाम बनाकर फिर हर महीने 50 हजार रुपए का किराया देने का वादा करते थे। 2-3 महीने में किसानों का इतना भरोसा जीत लेते थे कि वो इनके झांसे में आ जाते और फर्जी खातों व नकद राशि ट्रांसफर कर दिया करते थे। इस तरह 3-4 महीने तक सक्रिय रहने के बाद पूरी गैंग अचानक ऑफिस, किराए के कमरे आदि छोड़कर भाग जाया करती थी। आरोपियों ने अपनी पहचान मिटाने की रणनीति ऐसी बनाई थी अलग नाम, अलग मोबाइल नंबर, फर्जी सिम, फर्जी आधार सभी कुछ नकली रहता था। किराए के वाहन उपयोग करते थे ताकि टेस भी न हो पाएं।

### कुछ किसानों की शिकायत के बाद सक्रिय हुई पुलिस

किसानों से राशि लेकर भागने बाद नरसिंहगढ़ क्षेत्र के कुछ किसान सामने आए जिन्होंने लिखित शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए टीम बनाई और सायबर सेल, मुखबिर तंत्र सहित अन्य विवेचनाओं के उपरान्त अंततः मुख्य सरगना सहित इन सभी 14 आरोपियों को उत्तर-प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से धर-दबोचा। एसपी तोलानी के अनुसार राजगढ़ जिले में करीब 20 लाख की ठगी इनके द्वारा की गई वहीं जिस बैंक एकाउन्ट का पता लगा है उसमें 1 करोड़ 34 लाख के लगभग का ट्रांजक्शन मिला है।



### ये हैं करोड़ों हड़पने वाले 14 ठग

गिरफ्तार आरोपियों में गैंग का मुख्य सरगना दीपक पांडे निवासी चंडेरिया गोरखपुर, धनंजय पांडे निवासी चंडेरिया गोरखपुर यूपी, प्रभाकर पांडे निवासी सकरी जिला गोरखपुर, चंद्रभूषण कनकचंद्र निवासी नरेबुजुर्ग, सोनू चैबे निवासी कुशीनगर, चंदन पांडे निवासी गगहा यूपी, चंदन प्रजापति निवासी गाजीपुर, रघुनाथ गुप्ता निवासी बस्ती, विक्की पांडे निवासी गोरखपुर, दिलीप वर्मा निवासी मदुआ यूपी, सन्नी यादव निवासी राजगढ़, गोरखपुर यूपी, ओमप्रकाश राजपूत निवासी भैंसाहा यूपी, कुंदन प्रजापति निवासी जामनिया, नंदमोहन पांडे निवासी चंडेरिया गोरखपुर शामिल हैं।

# ग्राम खरदोन कलां में मप्र ग्रामीण बैंक से चोरी गई बंदूक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत द्वारा अज्ञात चोरी के अपराधों व फरार आरोपियों की धरपकड़ के संबंध में जिले में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं। जिसके पालन में अति. पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय जिला शाजापुर द्वारा व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) निमेष देशमुख शुजालपुर के मार्गदर्शन में कार्यवाही हेतु थाना कालापीपल पर निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

दिनांक 07 अगस्त 2023 को फरियादी हरपाल सिंह पिता चंदन सिंह सिसोदिया उम्र 37 साल निवासी अवधपुरी कॉलोनी सीहोर ने मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा खरदोन कलां का ताला तोड़कर बैंक के अंदर घुसकर अज्ञात आरोपी द्वारा स्ट्रांग रूम का ताला तोड़ने का प्रयास करने व बैंक में रखी अपनी दो नाल बारह बोर बूंदक चोरी करने की रिपोर्ट थाना कालापीपल पर अज्ञात आरोपी के विरूद्व अपराध क्रमांक 327/23 धारा 457,380 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना पर मुखबिर की सूचना पर आरोपी हनीफ खां पिता कल्लू खां उम्र 27 साल निवासी इमलिया हसन थाना दोराहा सीहोर को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर हनीफ ने अपने साथी नसीम खां पिता बन्ने खां निवासी गेहूंखेड़ा थाना कोलार जिला भोपाल व मुजाईद खां पिता वसीम खां निवासी इमलिया हसन के साथ मिलकर मप्र ग्रामीण बैंक शाखा खरदोन कलां में चोरी की योजना बनाकर उक्त बारह बोर बंदूक चोरी करना व बंदूक नसीम खां के पास होना बताने पर केद्रीय जेल भोपाल में हत्या के अपराध में बंद आरोपी नसीम पिता बन्ने खां उम्र 33 साल निवासी गेहूंखेड़ा थाना कोलार जिला भोपाल का दिनांक 21 नवंबर 2025 को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ पर उक्त अपराध करना स्वीकार कर चोरी की बंदूक नदीम खां पिता वहीद खां निवासी शुजालपुर को बेचना बताया। दिनांक 22 नवंबर 2025 को आरोपी नदीम खां उम्र 30 साल निवासी नूरपुरा सब्जी मंडी शुजालपुर गिरफ्तार कर चोरी की लाइसेंसी बंदूक जब्त की।



# देर रात तक किया जा रहा वेरिफिकेशन कार्य

**कुरावर।** निर्वाचन आयोग द्वारा जिले सहित पूरे प्रदेश में 4 नवंबर से चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में कुरावर नगर में बढ़त बनाए है।

नगर में कुल 14,358 मतदाताओं में से शुक्रवार तक 55 प्रतिशत वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है। इस तीव्र गति के साथ चल रहा पुनरीक्षण कार्य में कुरावर नगर जिले में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है वही सभी 15 मतदान केंद्रों पर बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव, राजस्व विभाग के कर्मचारी, पटवारी और नगरीय प्रशासन के स्टाफ द्वारा वेरिफिकेशन कार्य निरंतर किए जा रहे है। नगर के अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में मतदाता अपने वेरिफिकेशन फॉर्म जमा करने पहुंच रहे हैं। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन द्वारा की जा रही है। नगर में वेरिफिकेशन अपलोडिंग की प्रक्रिया देर रात की जा रही है। कुरावर नगर में प्रशासनिक अधिकारियों, बीएलओ, राजस्व एवं परिषद कर्मचारियों ने मतदाताओं द्वारा दिए गए वेरिफिकेशन फॉर्म को ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है।

### थाना बोडा पुलिस की अवैध शराब कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई

# 699 लीटर अवैध शराब, 3 बाइक, 3 फ्रीज सहित 9.22 लाख का माल जब्त

**ब्यावरा।** जिलेभर में अवैध शराब, जुआ एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला (भापुसे) के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के नेतृत्व में बोडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसा है। थाना प्रभारी बोडा उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत तथा जिले के अन्य थानों की संयुक्त टीम ने ग्राम गुलखेड़ी में दबिश देकर अलग-अलग स्थानों से 549 लीटर देशी-विदेशी शराब, 150 लीटर कच्ची शराब, 3 मोटरसाइकिल, 3 फ्रीज तथा अन्य सामग्री कुल 9 लाख 22 हजार रुपये मूल्य की जब्त की।




### कार्रवाई का विवरण

21 नवंबर 2025 को एसडीओपी मिनी शुक्ला के निर्देशन में बोडा थाना, नरसिंहगढ़, भोजपुर, करनवास, कालीपीठ, पचोर, छापीहेडा एवं लीमाचौहान थाना बल की संयुक्त टीम ने ग्राम गुलखेड़ी में दबिश देकर अवैध शराब की कई गुमठियों पर एक साथ कार्रवाई की। टीम ने आरोपियों की दुकानों से बड़ी मात्रा में देशी-विदेशी शराब व कच्ची शराब बरामद की। इसके साथ ही 5 हजार लीटर कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त महुआ लाहन और कच्ची शराब बनाने की दो भट्टियां नष्ट की गईं।

### बाल-विवाह, नातरा-झगड़ा कुप्रथाओं को लेकर जारी है कार्यक्रम

# जागरुकता प्रयासों से कुरीतियों की बेड़ियां तोड़ रहा राजगढ़

**राजगढ़।** बाल-विवाह, बाल सगाई और नातरा-झगड़े जैसी कुरीतियों के नाम से पहचाना जाने वाले राजगढ़ जिले में अब परिवर्तन की नई इबारत नजर आने लगी हैं। प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों द्वारा किए जा रहे जागरुकता प्रयासों के चलते लोग अब इन कुप्रथाओं को त्यागने का संकल्प ले रहे हैं।

शनिवार को खिलचीपुर के ग्राम हिनोतिया, शेरपूरा और बड़बेली गांवों में आयोजित गांव चैपाल इस बदलाव की साक्षी बनी। यहां महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम की मौजूदगी में लोगों ने कुप्रथाओं से हमेंशा के लिए नाता तोड़ने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित टीम के अधिकारियों ने कहा कि सामुहिक सहभागिता की यह व्यापक श्रृंखला बताती है कि जब समाज एकजुट होकर खड़ा होता है, तो परिवर्तन सिर्फ संभव नहीं, बल्कि अवश्यंभावी हो जाता है। राजगढ़ अब अपनी नई पहचान गढ़ रहा है। जहाँ बचपन सुरक्षित होगा, परिवार जागरूक होंगे, और समाज कुरीतियों की छाया से मुक्त होकर प्रगति के प्रकाश में आगे बढ़ेगा।




### नई शिक्षा नीति पर मार्गदर्शन व छात्र शिक्षक परिचर्चा

**जीरापुर।** राज्य शिक्षक संघ द्वारा एक निजी स्कूल में छात्र-शिक्षक परिचर्चा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की शैक्षणिक समझ को मजबूत करने और शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य वक्ता एवं राज्य शिक्षक संघ प्रांताध्यक्ष ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं को विस्तारपूर्वक समझाया। नई शिक्षा नीति आगामी पीढ़ी के लिए एक बड़ी सौगात है। यह नीति बच्चों को कौशल आधारित, लचीली और बहुआयामी शिक्षा की ओर ले जाती है। शिक्षक इस परिवर्तन के केंद्र है। उन्होंने यह भी कहा विद्यालय की प्रगति टीमवर्क, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का परिणाम है।

### रोज्या पंप हाउस से खेतों में पानी पहुंचाने शुरू हुई नहरें

# जब नहरों से फूटी जलधारा तो खिल उठे सैकड़ों किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के विकास में आमूलचूल बदलाव लाने वाली मोहनपुरा वृहद सिंचाई परियोजना से जुड़े रोज्या पंप हाऊस का कार्य पूर्ण होने पर शनिवार से नहरें खोल दी गईं। पहली बार प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में पानी पहुंचने पर करेड़ी, खुजनेर छेत्र के सैकड़ों किसानों की खुशी का ठिकाना नही रहा। रोज्या पंप हाऊस से कालूखेड़ी, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, नानागांव, बरखेड़ा, चांदपुरा, कुंडीबे, मोरपीपली, मोतीपुरा, तलाईखेड़ा, सरेड़ी, हाजीपुरा, वीरेंद्रपुरा, मनोहरपुरा, जोगीपुरा, फूलखेड़ी, करेड़ा, खेडी, खैरासी, भारतपुरा सहित अन्य ग्रामों के खेतों में अब सीधे प्रेशराईज्ड नहरों से पानी दिया जाना लगा है। खुजनेर क्षेत्र के उक्त सभी गांवों के अनेकों किसानों द्वारा कईं बार नहरें चालू करने के संबंध में आंदोलन, चक्काजाम, प्रदर्शन किए गए लेकिन पंप हाऊस सहित अन्य कार्य पूर्ण न होने के चलते इन गांवों के किसानों को नहरों का लाभ नहीं मिल पा रहा था। अंततः किसानों का सपना पूरा हुआ और बांध से सीधे खेत तक नहरों के माध्यम से पानी पहुंचना आरंभ कर दिया गया है।



### अधिकारियों ने की अपील

मोहनुपरा परियोजना के अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे नहरों की पाईप लाईनों, वाल्व आदि में किसी तरह की कोई छेड़छाड़ न करें। यदि किसान यह कदम उठाएंगे तो आगे के गांवों के किसानों को समस्या आएगी और उनके खेत सूखे रहेंगे। ऐसे में किसानों से सुव्यवस्थित तरीके से खेतों में सिंचाई करने का आगृह किया गया है। इसके बावजूद पाइप लाईनों से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ वैधानिक कदम उठाया जाएगा।



# 'व्यक्ति को अपने कर्म करने होंगे सभी कथाओं का भी यही सार है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस पं. सुरेश बिहारी नागर ने बताया कि स्नान करने से हमारे शरीर की शुद्धी होगी और आत्मिक शुद्धी के लिए स्वाध्याय जरुरी है, व्यक्ति को अपने कर्म करने होंगे सभी कथाओं का भी यही सार है। व्यक्ति को धर्म के मार्ग से जुड़ा रहना चाहिए , जीवन में जब भी हमे समय मिले परमात्मा का सुमिरन अवश्य करें। हिरणाकश्यप एवं प्रहलाद प्रसंग पर बताया कि जो व्यक्ति भगवान का भगत होगा उसका बुरा नहीं होता गया। राजा हिरणाकश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद को मारने के लिए अनेकों प्रयास करें लेकिन भगवान की भक्ति नाम सुमीरन, शक्ति के सामने कुछ नहीं चली और अपनी बहन को अग्नि में जलना पड़ा जब होलीका तब से होली उत्सव प्रारंभ हुआ।

पंडित नागर ने बताया की मंत्र जप की शक्ति अपार है जीवन में जब भी समय मिले हमे परमात्मा अपने इष्ट का सुमिरन आवश्यक रूप से करना चाहिए। कथा का भी यही सार है की व्यक्ति अपने धर्म से जुडकर भगवत नाम का सुमिरन करें, ईश्वर की कृपा से ही यह मानव जीवन मिला है। हिरण्याकश्यप ने सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी से वरदान मांगा था कि में धरती पर न आकाश में न घर में न बहार न नर से न नारायण से न शस्त्र से न अस्त्र से मरूं ओर ब्रह्मा जी ने भी उसे वरदान दे दिया था लेकिन हिरणाकश्यप को यह पता नहीं था कि कोई और रूप भी होता है जो उसकी मृत्यु का कारण बनेगा ऐसे में नरसिंह भगवान का अवतार हुआ और अधिक मास में सायंकाल के समय नरसिम्ह भगवान ने अपने नाखूनों से उसका सीना चीरकर वध किया था। उन्होंने इस प्रसंग के माध्यम से बताया कि व्यक्ति को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। कथा आयोजक मण्ड़लोई चटठया दांगी परिवार द्वारा खिलचीपुर नाका तालाब परिसर में चल रही जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालू भक्त कथा श्रवण में पहुंच रहे हैं।

# छात्र जोड़ो यात्रा के तहत एनएसयूआई ने किया संवाद



**ब्यावरा।** छात्र जोड़ो यात्रा के तहत शनिवार को ब्यावरा विधानसभा में एनएसयूआई टीम द्वारा छात्रों से संवाद किया गया। जिसमें एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर द्वारा नगर अध्यक्ष आशु शर्मा ने ब्यावरा नगर के स्कूलों में एनएसयूआई की कार्यकारणी गठित की। जिसमें ब्यावरा पब्लिक स्कूल,स्वामी विवेकानंद एकेडमी, आईपीएस आदि स्कूलो में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। साथ ही छात्र नेता संजय पंवार, ललित सोलंकी, अंकित दांगी, विधानसभा उपाध्यक्ष संदीप पंवार, विधानसभा सचिव संदीप गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सौंधिया, गादिया ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सोंधिया, मानस स्कूल अध्यक्ष नमन सेन सहित सभी एनएसयूआई के कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

### आलाअधिकारी सहित जनसुनवाई में आवेदन देने के बाद भी नहीं हुई लाइन चालू

# 4 माह से किसान दफ्तर के लगा रहा चक्कर, विद्युत के लिए महिला किसान भी परेशान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश सरकार किसानों को 5 रुपए में विद्युत कनेक्शन देने के बड़े बड़े दावे किए गए, ताकि आम किसान को समय पर 5 रुपए में वैध कनेक्शन उपलब्ध हो सकें तथा विद्युत कनेक्शन के माध्यम से अपनी पानी की मोटर पंप चलाकर खेती सिंचित कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें अन्नदाता कहलाने वाले किसान के लिए सरकार पलक पांवड़े बिछाती हुई विज्ञापन होडिंग में दिखाई दे रही है। हकीकत इससे कुछ अलग है। शासन की मंशा पर विद्युत विभाग पानी फेर रहा है।

सरकार के किसी भी आदेश को स्थानीय स्तर पर संबंधित विभाग को पालन करना अनिवार्य है। ताकि शासन की मंशा जनहित में पूरी हो लेकिन मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी मऊ के अधिकारी द्वारा सरकार के आदेश को तब्बजो नहीं दी जा रही है। किसान ने बताया कि मऊ विद्युत अधिकारी द्वारका प्रसाद मिश्रा की अनदेखी के कारण मैं 4 माह से परेशान हूं। मेरा विद्युत कनेक्शन पहले तो मनमाने ढंग से काट दिया। जब मैने इसकी शिकायत की तो कनेक्शन जोड़ने के लिए मुझसे 5 हजार की राशि ली और कनेक्शन जोड़ दिया। लेकिन कागज में कनेक्शन जुड़ने के बाद भौतिक स्तर पर आज तक लाइन नहीं जोड़ी। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा पुनः विद्युत मंडल मऊ ब्यावरा राजगढ़ सारंगपुर एसडीएम कलेक्टर राजगढ़ सहित थाना प्रभारी को की गई। लेकिन आज तक मेरी लाइन चालू नहीं हुई। 4 माह से मैं लगातार दफ्तर के चक्कर लगा रहा हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मैं विद्युत मंडल मऊ पुनः गया तो सुपरवाइजर ने भगा दिया। विनय करने के बाद सुपर वाइजर ने कह की डीपी लगाने के लिए जितने पैसे खर्च होते हैं उसमें से आधे पैसे 80 हजार रुपए लेकर आओ तब आपकी लाइन चालू हो जाएगी। ऐसे में गरीब किसान की फसल आज तक असिंचित पड़ी हुई है। क्या किसानों के साथ विद्युत विभाग इसी तरह का काम कर रहा है। यह एक मामला सामने आने पर उजागर हुआ है। ऐसे कई किसान परेशान होंगे लेकिन उनकी मजबूरी है कि वे अपनी पीड़ा बता नहीं सकते।

### किसान ने दिया आवेदन

16 अक्टूबर 2025 को मऊ विद्युत मंडल फिर 7 नवंबर को फिर सुपरवाइजर को दूसरा आवेदन फिर राजगढ़ के वरिष्ठ अधिकारी को 10 नवंबर को फिर 18 नवंबर को सारंगपुर 4 नवंबर को एसपी राजगढ़ को आवेदन दिया गया। सभी आवेदनों की प्रतिपूर्ति करने के लिए विद्युत मंडल मऊ द्वारा चौकी प्रभारी पुलिस चौकी पड़ाना को एक आवेदन 1 नवंबर 2025 को भेज कर इतिश्री कर दी। लेकिन अभी तक उक्त किसान की लाइन चालू नहीं की और न ही विद्युत कनेक्शन में बाधा उत्पन्न करने वाले के खिलाफ किसी भी प्रकार की कोई वैधानिक कार्यवाही कराई गई। क्या किसान दफ्तर के चक्कर लगाता रहेगा या उसकी लाइन चालू होगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन किसान की हकीकत सुनने एवं किसान के पास रखे दस्तावेज से यह प्रतीत होता है कि विद्युत मंडल मऊ के सुपरवाइजर की मनमानी तथा सरकार के आदेशों की खुली अवहेलना प्रदर्शित हो रही है।




### इनका कहना है...

*किसानों का आपसी मामला है। मैने पढ़ाना पुलिस चौकी आवेदन दिया है। एक दो दिन में लाइन चालू करवाता हूं।*
**द्वारका प्रसाद मिश्रा, जेई, विद्युत विभाग**

*मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है। मैं विद्युत मंडल सुपरवाइजर को बोलकर लाइन चालू करवाता हूं।*
**प्रहलाद क्षेत्रे,**
**उप महाप्रबंधक मध्य प्रदेश विद्युत वितरण केंद्र ब्यावरा, राजगढ़**